web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 16 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 20

# आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने देश के कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की दी धमकी, अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** त्यौहारों को लेकर देशभर में खुशी का माहौल बना हुआ है, तो वहीं दूसरी तरफ आतंकी बड़ी वारदात अंजाम देने की साजिश कर रहे है। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की तरफ से हरिद्वार रेलवे स्टेशन सहित उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के कई रेलवे स्टेशनों और धार्मिक स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

आतंकी संगठन के एरिया कमांडर के हवाले से हरिद्वार रेलवे स्टेशन अधीक्षक को धमकी भरा पत्र मिला है। पत्र मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक 10 अक्तूबर को हरिद्वार रेलवे स्टेशन अधीक्षक के नाम से साधारण डाक से कार्यालय में पत्र आया। स्टेशन अधीक्षक ने जब पत्र खोला तो उनके होश उड़ गए। पत्र में हरिद्वार रेलवे स्टेशन के साथ ही देहरादून, लक्सर, रुडक़ी, काठगोदाम, नजीबाबाद, शाहगंज सहित कई स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी है। पत्र भेजने वाले ने खुद को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का एरिया कमांडर बताया है। एक पन्ने के पत्र में दोनों तरफ हिंदी में लिखा है। 25 अक्तूबर को स्टेशनों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई है। जबकि 27 अक्तूबर को उत्तराखंड के चारधाम के साथ ही अन्य धार्मिक स्थलों पर बम धमाके करने की चेतावनी दी गई है।

जीआरपी के अपर पुलिस अधीक्षक अरुणा भारती ने बताया कि धमकी भरा पत्र मिलने के बाद अज्ञात के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए एक्ट) में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में पहली बार ये मुकदमा दर्ज हुआ है। इस मामले में गहनता से जांच कर रहे हैं। स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है। स्टेशन पर आने आने वाले हर संदिग्ध व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंजाम किए जा रहे है।



## बांदीपोरा में नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किया गथा था आईईडी, सेना ने किया निष्क्रिय

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा-सोपोर मार्ग पर मिले शक्तिशाली विस्फोटक (आईईडी) को सुरक्षा बलों ने शनिवार सुबह निष्क्रिय कर दिया।

सुरक्षा अधिकारी ने यहां बताया कि बांदीपोरा जिले के अष्टांगू इलाके में सुरक्षा बलों की एक संयुक्त दल को तडक़े राजमार्ग पर सफाई के दौरान 18 किलोग्राम वजन का एक संदिग्ध शक्तिशाली विस्फोटक (आईईडी) मिला।

उन्होंने कहा, बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और आईईडी को नियंत्रित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध आईईडी का पता चलने के बाद राजमार्ग पर रोके गये यातायात को बहाल कर दिया है।

## महाराष्ट्र : एसबीआई मुख्यालय को उड़ाने और चेयरमैन को जान से मारने की धमकी, जांच शुरू

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्यक्ष डी.के. खारा को जान से मारने और नरीमन पॉइंट स्थित बैंक के हेडचर्टर को उड़ाने की धमकी देने के मामले की जांच शुरू कर दी है। पाकिस्तान से कॉल करने का दावा करते हुए व्यक्ति ने गुरुवार सुबह एसबीआई हेड ऑफिस बोर्ड नंबर पर फोन किया और धमकी दी कि अगर बैंक ने एक सप्ताह के भीतर 10 लाख रुपये का कर्ज मंजूर नहीं किया तो चेयरमैन को अगवा कर जान से मार दिया जाएगा। खुद को मोहम्मद जियाउल अलीम बताते हुए फोन करने वाले ने कहा कि अगर एक हफ्ते के भीतर उसकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह न केवल खारा को मार डालेगा, बल्कि महाराष्ट्र विधानमंडल भवन के पीछे स्थित एसबीआई मुख्यालय को भी उड़ा देगा। इसके बाद एसबीआई ने तुरंत मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में शिकायत की, जिसके बाद शुक्रवार देर रात एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। कॉल को कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के एक स्थान से ट्रेस किया गया है और मुंबई पुलिस की एक टीम कॉल करने वाले को ट्रैक करने के लिए राज्य का कोना-कोना तलाश रही है।

## आईजीआई हवाईअड्डे पर फर्जी विंग कमांडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** खुद को भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर बताने वाले एक व्यक्ति को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पूर्वी दिल्ली की गीता कॉलोनी निवासी फिरोज गांधी को आईजीआई में ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन के कार्यालय से पकड़ा गया था। उसके पास से 2016 में जारी एक एंट्री पासपोर्ट बरामद किया गया था। इस पासपोर्ट की मदद से उसे आईजीआई में आसानी से प्रवेश मिल रहा था।

उसे एक अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद पुलिस ने उसकी दो सप्ताह की कस्टडी रिमांड की मांग की। अदालत ने पांच दिन की हिरासत की अनुमति दी। अधिकारी ने कहा, हमने उसकी गिरफ्तारी के बारे में खुफिया एजेंसियों को सूचित कर दिया था। वह भी पूछताछ कर रहे हैं। वायुसेना के अधिकारियों की एक टीम ने आरोपी के घर जाकर वायुसेना के संबंध में कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए।



पुलिस सूत्रों ने कहा कि वे मामले को गंभीरता से ले रहे हैं, क्योंकि एंट्री पासपोर्ट होना एक बड़ी सुरक्षा का उल्लंघन है, हो सकता है कि आरोपी ने ऐसी जानकारी हासिल की हो, जिसे गुप्त रखा जाना था। अधिकारी ने कहा, 11 अक्टूबर को हमें आरोपी की ओर से एंट्री पासपोर्ट को अपडेट कराने का अनुरोध प्राप्त हुआ। 2019 के बाद सिस्टम को बदल दिया गया था और एंट्री पास को केवल बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से रिन्यू किया जा रहा था। केवल एयरफोर्स का संबंधित विभाग पासपोर्ट रिन्यू के संबंध में अनुरोध भेजता है। लेकिन वह सीधे इसका रिन्यू का अनुरोध करने आया था। हमने पाया कि यह जाली था।

## शोपियां में आतंकियों ने की कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या



**शोपियां (आरएनएस)।** शोपियां जिले में आतंकियों ने कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान पूरन कृष्ण भट के रूप में हुई है। गोली लगने से पूरन घायल हो गए थे। उन्हें घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनकी मौत हो गई। यह वारदात शोपियां के चौधरी गुंड इलाके में हुई। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर करके आतंकियों की तलाश शुरू की। वहीं, सुरक्षा बलों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों द्वारा लगाए गए एक इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को बरामद किया। पुलिस ने कहा कि शनिवार सुबह बांदीपोरा-सोपोर मार्ग पर अष्टिंगो गांव में सुरक्षा बलों ने 18 किलोग्राम वजन का एक आईईडी बरामद किया।

## कश्मीरी पंडित की हत्या के पीछे सिर्फ एक आतंकवादी जिम्मेदार : जम्मू-कश्मीर पुलिस

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को कहा कि शोपियां जिले में अपने पैतृक गांव में स्थानीय कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट की हत्या के लिए एक अकेला आतंकवादी जिम्मेदार है। दक्षिण और मध्य कश्मीर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक सुजीत कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विस्तृत जांच अभी भी चल रही है, प्रारंभिक जांच से संकेत मिले है कि चौधरीगुंड गांव में कश्मीरी पंडित की हत्या के लिए एक अकेला आतंकवादी जिम्मेदार है।
हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले कश्मीर फ्रीडम फाइटर (केएफएफ) समूह के बारे में पूछे जाने पर, डीआईजी ने कहा कि यह आतंकवादियों का सिर्फ एक नकली प्रॉक्सी समूह है। उन्होंने कहा कि अगर जांच के दौरान सुरक्षा में कोई चूक सामने आती है तो इस तरह की चूक के दोषियों को दंडित किया जाएगा। शोपियां के उपायुक्त सचिन कुमार वैश्य ने गांव का दौरा किया और कहा कि परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए जम्मू ले जाया जा रहा है।

## साईंबाबा को बरी करने के हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. जी. एन. साईबाबा और अन्य को प्रतिबंधित नक्सलियों से कथित संबंधों के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ के रिहा करने वाले फैसले पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की विशेष पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने का आदेश जारी किया।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने प्रो. साईबाबा एवं अन्य को संबंधित के अदालत समक्ष जमानत के लिए अर्जी दायर करने की अनुमति दी। महाराष्ट्र सरकार ने उच्च न्यायालय के शुक्रवार उस फैसले को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी थी, जिसमें निचली अदालत द्वारा आजीवन कारावास के फैसले को पलटते हुए प्रो. साईबाबा एवं अन्य को रिहा करने के आदेश दिया गया था।

राज्य सरकार ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ समय बाद ही उसे रद्द करने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने फैसले पर तत्काल रोक लगाने की गुहार ठुकरा दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने बाद में मामले की सुनवाई शनिवार को करने का फैसला किया था और राज्य सरकार की 'विषेश अनुमति याचिका' न्यायमूर्ति शाह और



न्यायमूर्ति त्रिवेदी की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ के समक्ष शुक्रवार को (उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ समय बाद) राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रो. साईबाबा को उच्च न्यायालय द्वारा बरी किए जाने के फैसले का उल्लेख करते उस (फैसले) पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई थी। इस मामले में पीठ ने तत्काल सुनवाई करने से तत्काल इनकार कर दिया था।

बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर की एक खंडपीठ ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत अभियोजन की मंजूरी देने में प्रक्रियात्मक अनियमितता के कारण साईबाबा और अन्य को दी गई आजीवन कारावास की सजा को शुक्रवार पलट दिया था। इस फैसले का उल्लेख करते हुए शीर्ष अदालत के समक्ष सॉलिसिटर जनरल ने कहा, हम योग्यता के आधार पर नहीं हारे हैं, यह केवल मंजूरी के अभाव में हुआ है। प्रो. साईबाबा एवं अन्य को प्रतिबंधित माओवादी संगठन से संबंध रखने के मामले में निचली अदालत ने आजीवन कारावास की सजा दी थी।

गढ़चिरौली की सत्र न्यायालय द्वारा सात मार्च 2017 को सभी आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित माओवादी संगठन से संबंध होने का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। दोषियों ने निचली अदालत के उस फैसले को उच्च उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद 14 अक्टूबर को आरोपी महेश करीमन तिर्की, हेम केशवदत्त मिश्रा, प्रशांत राही नारायण सांगलीकर और जीएन साईबाबा को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। एक अन्य आरोपी -विजय नान तिर्की पहले से ही जमानत पर था, जबकि एक अन्य- पांडु पोरा नरोटे की अपील लंबित रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी।

## फ्लाइट में बैठे यात्रियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, करवानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मुंबई से बेंगलुरु जा रही अकासा एयर की फ्लाइट बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। जानकारी के अनुसार फ्लाइट से एक पक्षी के टकराने के बाद विमान को वापस मुंबई लौटना पड़ा।



बताया जा रहा है कि उड़ान भरते समय सबकुछ ठीक था लेकिन केबिन से कुछ जलने की गंध आ रही थी। विमान में बैठे यात्रियों की शिकायत के बाद फ्लाइट को मुंबई में लैंड किया गया। हालांकि, विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित थे। मुंबई लैंड करने के बाद फ्लाइट (र्यछव-1103) की जांच की गई। इसमें पाया गया कि एक पक्षी विमान के चपेट में आ गई थी। जिसके कारण फ्लाइट में जलने की गंध आ रही थी।

बता दें कि भारत के दिवंगत निवेशक और शेयर व्यापारी राकेश झुनझुनवाला ने अकासा एयर में निवेश किया था। अकासा एयर की पहली फ्लाइट 7 अगस्त को उड़ान भरी थी। अकासा की पहली फ्लाइट मुंबई से अहमदाबाद के लिए रवाना हुई थी। इस सात अक्टूबर को अकासा एयर ने अपने दो महीने पूरे किए थे।

# दुनिया का सबसे बड़ा यात्री विमान एयरबस ए380 बेंगलुरु हवाईअड्डे पर उतरा

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** अमीरात द्वारा संचालित दुनिया की सबसे बड़ी पैसेंजर प्लेन एयरबस ए380 शनिवार को बेंगलुरु के केम्पे गौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचा। इस तरह बेंगलुरु देश का पहला दक्षिणी शहर बन गया, जहां दुनिया के सबसे बड़े यात्री विमान की सेवाएं शुरू की गईं। सहकारिता मंत्री एस.टी. सोमशेखर और बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट (बीआईएएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ हरि मरार ने इस पल को ऐतिहासिक बताया और कर्नाटक सरकार में विश्वास जताने के लिए अमीरात को धन्यवाद दिया।

बीआईएएल के मुख्य रणनीति और विकास अधिकारी सत्यकी रघुनाथ ने कहा कि बेंगलुरु दक्षिण भारत का पहला शहर बन गया है, जहां अमीरात की प्रमुख ए380 सेवाएं उपलब्ध हैं।

रघुनाथ ने कहा कि विमान का आगमन बेंगलुरु हवाईअड्डे पर परिचालन क्षमता और यात्रियों की बढ़ती मांग को दर्शाता है। नई ए380 सेवा दुबई-बेंगलुरु रुट पर बेहतर अनुभव देगी। यह न केवल यात्रा को सुखद बनाएगी, बल्कि दोनों देशों के बीच यातायात को प्रोत्साहित करने में भी मदद करेगी।

अमीरात के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अदनान काजिम ने कहा, हम बेंगलुरु और कर्नाटक राज्य के साथ विशेष संबंध साझा करते हैं, यह पारस्परिक विकास और समृद्धि में से एक है।

उन्होंने आगे कहा, हमें दक्षिण भारत में यात्रियों के लिए इस महत्वपूर्ण प्रवेशद्वार के लिए ए 380 सेवाओं को पेश करने की खुशी है। आज की उड़ान उस मजबूत संबंधों का प्रमाण है, जिसे हम शहर के साथ साझा करते हैं और हम यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सभी केबिनों में प्रमुख अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

एमिरेट्स की फ्लाइट ईके562 ने शुक्रवार दुबई एयरपोर्ट से सुबह 10 बजे उड़ान भरी। विमान 3 घंटे 52 मिनट के कुल यात्रा समय के बाद 1,701 मील की दूरी तय करने के बाद बेंगलुरु हवाईअड्डे पर उतरा।

30 अक्टूबर से दुबई और बेंगलुरु के बीच अमीरात की ए380 उड़ानें ईके568 और ईके569 के रूप में संचालित होंगी। डेली फ्लाइट 21:25 बजे एयरलाइन हब से निकलेंगी, अगले दिन स्थानीय समयानुसार 2:30 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी की उड़ान 4:30 बजे बेंगलुरु से रवाना होती है और 7:10 बजे दुबई पहुंचती है।

इस समय अमीरात दुनियाभर में 30 से अधिक गंतव्यों के लिए ए380 संचालित करता है। एयरबस को इसके अतिरिक्त लेगरूम के लिए पसंद किया जाता है। उड़ान में प्रीमियम अर्थव्यवस्था है।




अन्य सुविधाओं में शॉवर स्पा और ऑनबोर्ड लाउंज शामिल हैं। बिजनेस क्लास केबिन बेहतर स्तर के आराम और प्राइवेसी प्रदान करते हैं और इकोनॉमी क्लास में बड़ी सीटें हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### काशीपुर फायरिंग मामला : मुठभेड़ में पकड़ा गया 1 लाख का इनामी बदमाश जफर, पैर में लगी गोली

**काशीपुर (आरएनएस)।** उत्तराखंड के काशीपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम पर हमले का आरोपी, एक लाख रुपये का इनामी खनन माफिया जफर को मुरादाबाद में मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया गया है। एसएसपी ने बताया कि शनिवार को जब चेकिंग चल रही थी, तो यह व्यक्ति संदिग्ध लग रहा था। पुलिस जब इसे पकडऩे गई तो इसने गोली चला दी। जवाब में पुलिस को भी फायर करना पड़ा। पुलिस के अनुसार, जफर घायल बताया जा रहा है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बता दें कि 12 अक्टूबर को मुरादाबाद की ठाकुरद्वारा पुलिस खनन माफिया जफर की तलाश में थी। पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो उसने एसओजी टीम पर फायर कर दिया। आरोपित का पीछा करते-करते पुलिस उत्तराखंड के कुंडा पहुंच गई। आरोपी एक घर में छुप गया। एसओजी टीम ने जब वहां दबिश दी, तब बवाल बढ़ गया। क्षेत्रीय लोगों ने एकजुट होकर पुलिसकर्मियों की पिटाई कर दी। फायरिंग में ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख की पत्नी की मौत हो गई और दो पुलिसकर्मियों को भी गोली लग गई। घटना के बाद उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश की पुलिस आमने-सामने है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। इधर, यूपी पुलिस खनन माफिया जफर पर शिकंजा कसती जा रही है। एडीजी जोन राजकुमार ने माफिया पर एक लाख का इनाम घोषित किया था।

### रेलवे ने त्योहारी सीजन में बढ़ाए प्लेटफार्म टिकट के दाम, गाजियाबाद में 3 गुना बढ़ोतरी

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** दीपावली और छठ पूजा के दौरान प्लेटफॉर्म पर भीड़ कम करने के लिए रेलवे ने प्लेटफार्म टिकट के दाम 10 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दिया है। रेलवे ने दाम 30 अक्टूबर तक बढ़ाए हैं। साथ ही साथ त्योहार को लेकर सख्ती भी बरती जा रही है। इसलिए आरपीएफ की तरफ से विशेष जांच अभियान चलाया गया था। शनिवार से प्लेटफार्म पर आरपीएफ कर्मियों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। चार प्लेटफार्म पर छह कांस्टेबल की जगह 12 तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा स्टेशन के बाहर मेटल डिटेक्टर पर भी निगरानी बरती जा रही है। गाजियाबाद से पूर्वांचल, पश्चिम बंगाल और बिहार की तरफ प्रतिदिन 50 से अधिक ट्रेनों का परिचालन होता है। त्योहार आते ही यात्रियों की संख्या 10 गुना तक बढ़ जाती हैं। इसलिए गाजियाबाद से होकर जाने वाली 20 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसीलिए प्लेटफार्म पर लगातार बढऩे वाली भीड़ को काबू में करने के लिए प्लेटफॉर्म टिकट के दाम बढ़ा दिए गए हैं, 10 का प्लेटफार्म टिकट अब 30 का मिलेगा।

### कुएं में कूदे सिरफिरे को बचाने उतरे दो युवक, जहरीली गैस से एक की मौत

**जौनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में एक कुंए में कूदे एक सिरफिरे को बचाने के लिये कुंए में उतरे दो युवक जहरीली गैस की चपेट में आ गये, जिससे एक की मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पांडेयपुर पुरषोत्तम गांव में कल देर शाम एक सिरफिरा युवक कुएं में कूद गया। उसे बचाने के लिये कुंए में उतरे दो युवकों में से एक की जहरीली गैस से मौत हो गई। दूसरे युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है, वहीं सिरफिरा पूरी तरह सुरक्षित है। पुलिस के अनुसार पांडेयपुर पुरुषोत्तम गांव की अनुसूचित जाति की बस्ती में रहने वाले 30 वर्षीय भोंदू नामक युवक का कुछ दिनों से मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। वह कल देर शाम एक पुराने कुएं में कूद गया। प्रत्यक्षदर्शियों के शोर मचाने पर गांव के ही 25 वर्षीय पंकज कुमार व प्रकाश अपनी जान की परवाह न करते हुए ग्रामीणों की मदद से उसे बचाने के लिये रस्सी के सहारे कुएं में उतर गए। कुएं में जहरीली गैस बन रही थी। इससे दोनों का दम घुटने लगा। उन्होंने भोंदू को रस्सी के सहारे सुरक्षित कुंए से निकाल दिया, किंतु तब तक खुद अचेत हो गये। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। इसका पता चलते ही शीतला चौकिया पुलिस चौकी प्रभारी चंदन राय सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच गए और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में अग्निशमन दस्ते के जवानों ने गांव के ही सोनू की सहायता से दोनों को बाहर निकाला। अचेत अवस्था में दोनों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया और प्रकाश का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है।